Title: Need to confer `Bharat Ratna' on late Kalpana Chawla, an astronaut of Indian origin.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर) : अध्यक्ष महोदय, अंतरिक्ष में गई भारतीय मूल की कल्पना चावला का आकस्मिक निधन अंतरिक्ष में ही हो गया। देश-विदेश में उनकी मृत्यु पर गहरा शोक हुआ। उनको जगह-जगह श्रद्धांजलि दी गई।

वह भारत की थीं, इसलिए इस महान् आत्मा को " भारत रत्न " से सम्मानित करना चाहिए तभी देश की सच्ची श्रद्धांजलि मानी जाएगी। देश के लिए नाम रौशन करने वालों का यही उच्च सम्मान है। उन्हें संसद एवं देश को सम्मानित करना चाहिए।